Series : RQP2S

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/2/1**

रोल नं.

Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

**नोट** {}

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (मानचित्र सहित) हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

2386-1

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।

(iii) **खण्ड-क :** प्रश्न संख्या 1 से 21 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

(iv) **खण्ड-ख :** प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखिए ।

(v) **खण्ड-ग :** प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखिए ।

(vi) **खण्ड-घ :** प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।

(vii) **खण्ड-ङ :** प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न 5 अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।

(viii) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड-ख तथा खण्ड-ग में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है ।

(ix) इसके अतिरिक्त, **ध्यान दें** कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।

## General Instructions :

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – question number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – question number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – question number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – question number **31** to **33** are Source-based questions having **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – question number **34** is Map Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Section B and C of question paper. A candidate has to write answer for only **one** of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## खण्ड – क

**21 × 1 = 21**

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)**

1. निम्नलिखित शासकों में से किसने सबसे पहले सोने के सिक्के जारी किए ? 1

(A) वाकाटक शासकों ने

(B) मौर्य शासकों ने

(C) गुप्त शासकों ने

(D) कुषाण शासकों ने

2. राजा गोतमी-पुत्त सिरी-सातकनि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? 1

(A) वह शक वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था ।

(B) उसने चार वर्णों के बीच विवाह संबंध पर रोक लगाई ।

(C) उसने गुप्त शासकों के परिवार से विवाह संबंध स्थापित किए ।

(D) उसने सुदर्शन और सांभर झीलों का पुनर्निर्माण कराया ।

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** बौद्ध धर्म की तरह जैन धर्म भी भारत के विभिन्न हिस्सों में फैला ।

**कारण (R) :** जैन विद्वानों ने तमिल, प्राकृत और संस्कृत जैसी अनेक भाषाओं में साहित्य का सृजन किया ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

## SECTION – A

### (Multiple Choice Type Questions)

$21 \times 1 = 21$

1. Who among the following rulers issued the first gold coins ? 1

   (A) Vakataka rulers

   (B) Mauryan rulers

   (C) Gupta rulers

   (D) Kushana rulers

2. Which one of the following statements is correct regarding Raja Gotmi Puta Siri Satkani ? 1

   (A) He was the best known Raja of Shaka dynasty.

   (B) He ensured no intermarriage amongst members of the four varnas.

   (C) He himself entered into marriage alliance of the kin of Gupta rulers.

   (D) He rebuilt Sudershan and Sambhar lakes.

3. Given below are two statements as Assertion (A) and Reason (R). Read them carefully and answer the question by choosing correct options : 1

   **Assertion (A)** : Like Buddhism, Jainism also spread to many parts of India.

   **Reason (R)** : Jaina scholars produced literature in various languages like Tamil, Prakrit and Sanskrit etc.

   **Options :**

   (A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is correct but, (R) is not correct.

   (D) (A) is not correct but, (R) is correct.

4. बौद्ध धर्म की शिक्षाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. विश्व अनित्य है और लगातार बदल रहा है ।

II. यह आत्माविहीन है और यहाँ कुछ भी स्थायी नहीं है ।

III. दुख और पीड़ा मनुष्य के जीवन के अंतर्निहित तत्त्व हैं ।

IV. जीने के लिए संसार का त्याग आवश्यक है ।

कूट :

(A) I, II, III सही हैं ।

(B) II, III, IV सही हैं ।

(C) I, III, IV सही हैं ।

(D) I, II, IV सही हैं ।

5. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | स्तंभ-I (विद्वान) | | स्तंभ-II (कार्य) |
|---|---|---|---|
| a. | कौटिल्य | i. | हर्षचरित |
| b. | हरिषेण | ii. | अर्थशास्त्र |
| c. | बाणभट्ट | iii. | नाट्यशास्त्र |
| d. | भरत | iv. | प्रयाग प्रशस्ति |

विकल्प :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

4. Read the following statements regarding Buddhism teaching and choose the correct options : 1

I. The world is transient and constantly changing.

II. It is soulless and there is nothing eternal in it.

III. Sorrows and sufferings are intrinsic to human existence.

IV. Renouncing the world is essential for living.

**Codes :**

(A) I, II, III are correct.

(B) II, III, IV are correct.

(C) I, III, IV are correct.

(D) I, II, IV are correct.

5. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : 1

| | **Column – I (Scholars)** | | **Column – II (Work)** |
|---|---|---|---|
| a. | Kautilya | i. | Harshacharita |
| b. | Harishena | ii. | Arthashastra |
| c. | Banabhatta | iii. | Natyashastra |
| d. | Bharat | iv. | Prayag Prashasti |

**Options :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

6. एकलव्य के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? 1


(A) एकलव्य द्रोण का प्रिय शिष्य था ।

(B) एकलव्य कुरु वंश का था ।

(C) एकलव्य ने द्रोण को अपना दाहिना अँगूठा गुरु दक्षिणा में दिया ।

(D) एकलव्य अर्जुन का सह-शिष्य और मित्र था ।

7. नीचे दिए गए चित्र को देखिए और विकल्पों में से प्राचीन शिल्प-समूह की पहचान कीजिए : 1



विकल्प :

(A) बृहदेश्वर की मूर्ति

(B) महाबलीपुरम् की मूर्ति

(C) अमरावती की मूर्ति

(D) साँची की मूर्ति

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 7 के स्थान पर है :**

महाबलीपुरम् मंदिर निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ? 1

(A) मध्य प्रदेश

(B) महाराष्ट्र

(C) तमिलनाडु

(D) केरल

8. सुल्तान मुहम्मद बिन तुग़लक ने निम्नलिखित में से किसे दिल्ली का काज़ी या न्यायाधीश नियुक्त किया था ? 1

(A) अल-बिरूनी

(B) महमूद अली बलख़ी

(C) इब्न-बतूता

(D) सयदी अली रेइस

6. Which of the following is a correct statement regarding Eklavya ? 1


(A) Eklavya was the favourite student of Drona.

(B) Eklavya belonged to Kuru lineage.

(C) Eklavya offered his right thumb to Drona as Guru Dakshina.

(D) Eklavya was a co-student and friend of Arjuna.

7. Look at the given image and identify the ancient sculptural panel from the options : 1



**Options :**

(A) A sculpture in Brihideshwar (B) A sculpture from Mahabalipuram

(C) A sculpture in Amravati (D) A sculpture in Sanchi

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 7 :**

In which of the following states Mahabalipuram temple is located ? 1

(A) Madhya Pradesh (B) Maharashtra

(C) Tamil Nadu (D) Kerala

8. Who among the following was appointed Qazi or Judge of Delhi by Sultan Mohd. Bin Tughlaq ? 1

(A) Al-Biruni (B) Mahmud Ali Balkhi

(C) Ibn Batuta (D) Seydi Ali Reis

9. दक्षिण भारत में आरंभिक भक्ति आंदोलन के विषय में सही कथनों की पहचान कीजिए : 1

I. अलवार और नयनार भक्त एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते हुए तमिल में भजन गाते थे ।

II. अलवार संतों के एक मुख्य काव्य संकलन 'अमुक्तमल्यद' का वर्णन तमिल वेद के रूप में किया जाता था ।

III. करइक्काल अम्मइयार और अंडाल, नयनार और अलवार परंपरा की स्त्री भक्त थी ।

IV. दोनों, नयनार और अलवार संत वेल्लाल कृषकों द्वारा सम्मानित होते थे ।

विकल्प :

(A) I, II और III सही हैं ।

(B) II, III और IV सही हैं ।

(C) I, II और IV सही हैं ।

(D) I, III और IV सही हैं ।

10. निम्नलिखित वंशों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. सुलुव वंश

II. संगम वंश

III. अराविदु वंश

IV. तुलुव वंश

विकल्प :

(A) I, II, IV, III

(B) II, I, III, IV

(C) IV, III, I, II

(D) II, I, IV, III

11. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से सूफ़ी संत की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

- इनकी ख़ानक़ाह दिल्ली में यमुना नदी के किनारे पर थी ।
- अमीर खुसरो उनके अनुयायी थे ।
- उनके अनुयायी उन्हें सुल्तान-उल-मशेख कहकर संबोधित करते थे ।

विकल्प :

(A) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती

(B) शेख नसीरुद्दीन चिराग-ए-देहली

(C) शेख कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

(D) शेख निजामुद्दीन औलिया

9. Identify the correct statements regarding the early Bhakti movement in South India : 1

I. Alvars and Nayanars travelled from place to place singing hymns in Tamil.

II. One of the major anthologies of compositions by the Alvars, 'Amuktamalyada', described as Tamil Vedas.

III. Karaikkal Ammaiyar and Andal were the women devotees of Nayanara and Alvar Tradition.

IV. Both Nayanars and Alvar saints were revered by the Vellala Peasants.

**Options :**

(A) I, II and III are correct.
(B) II, III and IV are correct.
(C) I, II and IV are correct.
(D) I, III and IV are correct.

10. Arrange the following dynasties in chronological order and choose the correct option : 1

I. Saluva dynasty
II. Sangama dynasty
III. Aravidu dynasty
IV. Tuluva dynasty

**Options :**

(A) I, II, IV, III
(B) II, I, III, IV
(C) IV, III, I, II
(D) II, I, IV, III

11. Identify the Sufi Saint with the help of following information and select the correct option : 1


- His Hospice was on the bank of river Yamuna in Delhi.
- His disciple was Amir Khusro.
- His disciples addressed him as Sultan-ul-Mashakh.

**Options :**

(A) Shaikh Muinuddin Chisti
(B) Shaikh Nasiruddin Chirag-i-Delhi
(C) Shaikh Qutubuddin Bhaktiyar Kaki
(D) Shaikh Nizamuddin Auliya

12. उपयुक्त विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1

**16वीं और 17वीं शताब्दी के दौरान जंगली कबीले**




(A) अहोम

(B) गोंड

(C) मीणा

(D) ख़ासी

13. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? 1

| मध्यकालीन यात्री | | मूल क्षेत्र |
|---|---|---|
| (A) पीटर मुंडी | – | स्पेन |
| (B) अंतोनियो मानसेरेते | – | पुर्तगाल |
| (C) अब्द-अल-रज़्ज़ाक | – | मोरक्को |
| (D) मार्को पोलो | – | इटली |

14. मुगल शासन के दौरान कृषि के विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन सा प्रमुख कारक नहीं था ? 1

(A) प्रचुर मात्रा में भूमि की उपलब्धता


(B) सस्ते श्रमिकों की उपलब्धता

(C) किसानों की गतिशीलता

(D) सिंचाई के लिए ट्यूबवेल की उपलब्धता

12. Choose the correct option to fill the blank : 1

**Tribal Communities during $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries**




(A) Ahoms

(B) Gonds

(C) Meenas

(D) Khasis

13. Which one of the following pairs is correctly matched ? 1

| | **Travellers of Medieval period** | | **Native Region** |
|---|---|---|---|
| (A) | Peter Mundi | – | Spain |
| (B) | Antonio Monserrate | – | Portugal |
| (C) | Abdal-Razzak | – | Morocco |
| (D) | Marco Polo | – | Italy |

14. Which among the following was not the major factor for the development of agriculture during Mughal India ? 1

(A) Availability of land in abundance

(B) Availability of cheap labour

(C) Mobility among the peasants

(D) Availability of tube-wells for irrigation

15. राजमहल की पहाड़ी में संथालों के आने से पहाड़ियों पर क्या प्रभाव पड़ा ? सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) पहाड़ी लोग विस्थापित हो और ऊपरी पहाड़ियों पर चले गए ।

(B) संथालों ने पहाड़ी लोगों की खेती में सहायता की ।

(C) पहाड़िया, संथालों के साथ संघर्ष से बचने के लिए दामिन-इ-कोह में फैल गए ।

(D) संथालों और पहाड़ियों ने अंग्रेजों के खिलाफ एक दूसरे का सहयोग किया ।

16. निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालनुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. चम्पारन सत्याग्रह

II. खेड़ा सत्याग्रह

III. जलियाँवाला बाग घटना

IV. रॉलेट एक्ट

विकल्प :

(A) I, II, III, IV

(B) I, II, IV, III

(C) II, III, I, IV

(D) II, IV, III, I

17. निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए : 1

| | (अंग्रेज अफसर) | | (नीति) |
|---|---|---|---|
| (A) | डलहौजी | – | व्यपगत की नीति |
| (B) | कॉर्नवालिस | – | इस्तमरारी बंदोबस्त |
| (C) | वेलेज़्ली | – | पाश्चात्य शिक्षा |
| (D) | हार्डिंग | – | सिपाहियों के लिए एनफील्ड राइफल |

18. निम्नलिखित में से किस नेता ने वियतनाम को साम्राज्यवादी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया ? 1

(A) न्गयूयेन ह्यू

(B) हो-ची-मिन्ह

(C) किन-शी-ह्वांग

(D) माओ-जे-दांग

15. How did the arrival of Santhals in the Raj Mahal hills affect the Paharias ? Choose the correct options : 1

(A) The Paharias were displaced and moved to the upper hills.

(B) The Santhals helped the Paharias in expanding agriculture.

(C) The Paharias spread into the Damin-i-Koh to avoid conflict with the Santhals.

(D) The Santhals and Paharias collaborated against the British.

16. Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct option : 1

I. Champaran Satyagraha

II. Kheda Satyagraha

III. Jallianwala Bagh Incident

IV. Rowlatt Act

**Options :**

(A) I, II, III, IV (B) I, II, IV, III

(C) II, III, I, IV (D) II, IV, III, I

17. Find the odd one out from the following : 1

| | (British Officers) | | (Policy) |
|---|---|---|---|
| (A) | Dalhousie | – | Doctrine of Lapse |
| (B) | Cornwallis | – | Permanent Settlement |
| (C) | Wellesley | – | Western Education |
| (D) | Hardinge | – | Enfield rifles for soldiers |

18. Who amongst the following leaders struggled to free Vietnam from the imperialist control ? 1

(A) Nguyen Hue (B) Ho-Chi-Minh

(C) Qin Shi Huang (D) Mao-Ze-Dang

19. नाना साहेब के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. नाना साहेब पेशवा बाजीराव-द्वितीय के उत्तराधिकारी थे ।

II. नाना साहेब ने कानपुर से 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया ।

III. 1857 के प्रारंभ में ही उनका विद्रोह ढह गया ।

IV. 1857 में नाना साहेब नेपाल चले गए ।

विकल्प :

(A) केवल I और III सही हैं ।
(B) केवल II और IV सही हैं ।
(C) केवल III और IV सही हैं ।
(D) केवल I और II सही हैं ।

20. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा की 'सलाहकार समिति' के अध्यक्ष थे ? 1

(A) बी.आर. अम्बेडकर
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार पटेल
(D) राजेन्द्र प्रसाद

21. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से अंग्रेज अफसर की पहचान कीजिए : 1

- वह एक चिकित्सक था ।
- उसने कलकत्ता में चिड़ियाघर की स्थापना की ।
- उसने बंगाल का सर्वेक्षण किया ।
- उसने अपना पारिवारिक नाम हैमिल्टन रखा ।

(A) कर्नल मैकेंजी
(B) फ्रांसिस बुकानन
(C) थॉमस मुनरो
(D) चार्ल्स माउण्टबैटन

19. Which of the following statements regarding Nana Saheb are correct ? Choose the correct option : 1

I. Nana Saheb was the successor of Peshwa Baji Rao-II.

II. Nana Saheb joined the revolt of 1857 from Kanpur.

III. His rebellion collapsed in the beginning of 1857.

IV. Nana Saheb went to Nepal in 1857.

**Options :**

(A) Only I and III are correct.

(B) Only II and IV are correct.

(C) Only III and IV are correct.

(D) Only I and II are correct.

20. Who amongst the following was the head of the 'Advisory Committee' of the Constituent Assembly ? 1

(A) B.R. Ambedkar

(B) Jawaharlal Nehru

(C) Sardar Patel

(D) Rajendra Prasad

21. Identify the British Officer with the help of following information : 1

- Was a Physician.
- Organised Zoo in Calcutta.
- Did survey of Bengal.
- He assumed family name as Hamilton.

(A) Col. Mackenzie

(B) Francis Buchanan

(C) Thomas Munroe

(D) Charles Mountbatten

## खण्ड – ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **6 × 3 = 18**

22. (a) बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

(b) साँची की मूर्तिकला को समझने में बौद्ध साहित्य कैसे सहायक है ? स्पष्ट कीजिए । 3

23. कौरवों और पाण्डवों के बीच संघर्ष के कारणों का विश्लेषण कीजिए जिसके परिणामस्वरूप महाभारत का युद्ध हुआ । 3

24. मुगल सम्राटों द्वारा नियमित शिकार अभियान क्यों चलाए जाते थे ? स्पष्ट कीजिए । 3

25. सिख धर्म में गुरु गोबिंद सिंहजी की भूमिका की परख कीजिए । 3

26. "चरखे के साथ महात्मा गांधीजी भारतीय राष्ट्रवाद की सर्वाधिक स्थायी पहचान बन गए ।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । 3

## SECTION – B

### (Short Answer Type Questions) 6 × 3 = 18

22. (a) How did Buddha attain enlightenment ? Explain. 3

OR

(b) How has Buddhist literature helped in understanding the sculpture of Sanchi ? Explain. 3

23. Analyse the causes of conflict between Kauravas and Pandavas that resulted in the battle of Mahabharat. 3

24. Why were regular hunting expeditions undertaken by the Mughal Emperors ? Explain. 3

25. Examine the role of Guru Gobind Singhji in the Sikhism. 3

26. "Mahatma Gandhiji with the Charkha has become the most abiding image of Indian Nationalism." Substantiate this statement with examples. 3

27. (a) 1857 के विद्रोह के पहले दिन (10 मई) को मेरठ में घटित घटनाओं की व्याख्या कीजिए । 3

अथवा

(b) 1857 के विद्रोह के 11 मई को दिल्ली के लाल किले में घटित घटनाओं की व्याख्या कीजिए । 3

## खण्ड – ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) $3 \times 8 = 24$

28. (a) मोहनजोदड़ो के शहरी केन्द्रों की स्थापत्य-कला की विशिष्ट विशेषताओं की परख कीजिए । 8

अथवा

(b) हड़प्पा सभ्यता के पतन के कारणों और साक्ष्यों की परख कीजिए । $4 + 4 = 8$

29. (a) "कृष्णदेव राय के शासनकाल में विजयनगर अतुलनीय शांति और समृद्धि की स्थितियों से फला-फूला प्ररन्तु उनकी मृत्यु के पश्चात विजयनगर का पतन हुआ ।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । 8

अथवा

(b) "मध्यकालीन भारत में विजयनगर की किलेबंदी बहुत प्रभावशाली थी ।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । 8

30. (a) भारत के संविधान की परिकल्पना को आकार देने वाली घटनाओं का वर्णन कीजिए । 8

अथवा

(b) संविधान सभा में पृथक निर्वाचिका के विरुद्ध दिए गए तर्कों का वर्णन कीजिए । 8

27. (a) Explain the events that took place on the very first day (10th May) of the rebellion of 1857 at Meerut. 3

OR

(b) Explain the events that took place on 11th May of the rebellion of 1857 at Red Fort of Delhi. 3

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** $3 \times 8 = 24$

28. (a) Examine the characteristic features of architecture of urban centres of Mohenjodaro. 8

OR

(b) Examine the causes and the evidences of the collapse of the Harappan civilisation. $4 + 4 = 8$

29. (a) "Vijayanagara Kingdom flourished under conditions of unparalleled peace and prosperity during the rule of Krishandeva Raya but after his death Vijayanagara declined." Substantiate the statement with examples. 8

OR

(b) "The fortification of Vijaynagara was impressive in the medieval India." Substantiate the statement with examples. 8

30. (a) Describe the events that shaped the vision of the Constitution of India. 8

OR

(b) Describe the arguments given in the Constituent Assembly against the creation of separate electorates. 8

*P.T.O.

## खण्ड – घ

3 × 4 = 12

### (स्रोत-आधारित प्रश्न)

31. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

> **मालाबार तट**
>
> **(आधुनिक केरल)**
>
> यह एक यूनानी समुद्र यात्री द्वारा रचित *पेरिप्लस ऑफ एरीथ्रियन सी* का एक अंश (लगभग प्रथम शताब्दी ई.) है :
>
> भारी मात्रा में काली मिर्च और दालचीनी खरीदने के लिए बाज़ार वाले नगरों में ये (विदेशी व्यापारी) जहाज़ भेजते हैं। एक तो यहाँ भारी मात्रा में सिक्कों, पुखराज, सुरमा, मूँगे, कच्चे शीशे, ताँबे, टिन और सीसे का आयात किया जाता है। ... इन बाज़ारों के आसपास भारी मात्रा में उत्पन्न काली मिर्च का निर्यात किया जाता है ..... इसके अलावा, उच्च कोटि के मोतियों, हाथी दाँत, रेशमी वस्त्र, विभिन्न प्रकार के पारदर्शी पत्थरों, हीरों और काले नग और कछुए की खोपड़ी का भारी मात्रा में निर्यात होता है।
>
> तमिलनाडु के कोडुमनाल में बहुमूल्य और कम मूल्यवान पत्थरों से बनाए जाने वाले मूँगों के उद्योग के पुरातात्विक साक्ष्य मिले हैं। यह संभव है कि *पेरिप्लस* में वर्णित पत्थरों को इन्हीं तटवर्ती बंदरगाहों तक स्थानीय व्यापारी लाए होंगे।

31.1 व्यापार के प्रसार में नदियों की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

31.2 भारत और अन्य देशों के बीच बड़ी संख्या में वस्तुओं का व्यापार क्यों होता था ?

31.3 कोडुमनाल में मनका बनाने के उद्योग के विकास के कारण स्पष्ट कीजिए।

## SECTION – D

### (Source Based Questions)

3 × 4 = 12

31. Read the source given below carefully and answer the questions that follow :

**The Malabar Coast**

**(Present-day Kerala)**

Here is an excerpt from *Periplus of the Erythraean Sea*, composed by an anonymous Greek sailor (First century CE) :

They (i.e. traders from abroad) send large ships to these market-towns on account of the great quantity and bulk of pepper and malabathrum (possibly cinnamon, produced in these regions). There are imported here, in the first place, a great quantity of coin; topaz... antimony (a mineral used as a colouring substance), coral, crude glass, copper, tin, lead ... There is exported pepper, which is produced in quantity in only one region near these markets.... Besides this there are exported great quantities of fine pearls, ivory, silk cloth, .... transparent stones of all kinds, diamonds and sapphires, and tortoise shell.

Archaeological evidence of a bead-making industry, using precious and semi-precious stones, has been found in Kodumanal (Tamil Nadu). It is likely that local traders brought the stones mentioned in the *Periplus* from sites such as these to the coastal ports.

31.1 Mention the role of rivers in the promotion of trade. 1

31.2 Why were large number of goods traded between India and other countries ? 1

31.3 Give reasons for the development of bead-making industry at Kodumanal. 2

32. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**यूरोप के लिए एक चेतावनी**

बर्नियर चेतावनी देता है कि यदि यूरोपीय शासकों ने मुगल ढाँचे का अनुसरण किया तो :

उनके राज्य इस प्रकार अच्छी तरह से जुते और बसे हुए, इतनी अच्छी तरह से निर्मित, इतने समृद्ध, इतने सुशिष्ट तथा फलते-फूलते नहीं रह जाएँगे जैसा कि हम उन्हें देखते हैं। दूसरी दृष्टि से हमारे शासक अमीर और शक्तिशाली हैं; और हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि उनकी और बेहतर और राजसी ढंग से सेवा हो। वे जल्द ही रेगिस्तान तथा निर्जन स्थानों के, भिखारियों तथा क्रूर लोगों के राजा बनकर रह जाएँगे जैसे कि वे जिनके विषय में मैंने वर्णन किया है (मुगल शासक)।

.....हम उन महान शहरों और नगरों को खराब हवा के कारण न रहने योग्य अवस्था में पाएँगे, तथा विनाश की स्थिति में, जिनके जीर्णोद्धार की किसी को चिंता नहीं है, त्यक्त टीले और झाड़ियों अथवा घातक दलदल से भरे हुए खेत, जैसा कि पहले ही बताया गया है।

32.1 बर्नियर ने अपने यूरोपीय राजाओं को मुगल राजतंत्र के तरीके ना अपनाने की चेतावनी क्यों दी ? 1

32.2 भू-स्वामित्व पर यूरोपीय और मुगलों के बीच एक अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

32.3 बर्नियर के वृत्तांत ने 18वीं शताब्दी के बाद से पश्चिमी सिद्धांतकारों को कैसे प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए। 2

32. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**A warning for Europe**

Bernier warned that if European kings followed the Mughal model :

Their kingdoms would be very far from being well cultivated and peopled, so well built, so rich, so polite and flourishing as we see them. Our kings are otherwise rich and powerful; and we must avow that they are much better and more royally served. They would soon be kings of deserts and solitudes, of beggars and barbarians, such as those are whom I have been representing (the Mughals).

... We should find the great Cities and the great Burroughs (boroughs) rendered uninhabitable because of ill air, and to fall to ruine (ruin) without any bodies (anybody) taking care of repairing them; the hillocks abandon'd, and the fields overspread with bushes, or fill'd with pestilential marishes (marshes), as hath been already intimated.

32.1 Why did Bernier warn their European kings against following Mughal model of kingship ? 1

32.2 Mention any one difference between Mughal & European land-ownership. 1

32.3 How did Bernier's description influence the western theorists from 18th century onwards ? Explain. 2

33. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**वनों की कटाई और स्थायी कृषि के बारे में**

निचली राजमहल की पहाड़ियों में एक गाँव से गुजरते हुए, बुकानन ने लिखा :

इस प्रदेश का दृश्य बहुत ही बढ़िया है; यहाँ की खेती विशेष रूप से, घुमावदार संकरी घाटियों में धान की फ़सल, बिखरे हुए पेड़ों के साथ साफ़ की गई ज़मीन, और चट्टानी पहाड़ियाँ सभी अपने आप में पूर्ण हैं, कमी है तो बस इस क्षेत्र में कुछ प्रगति की और विस्तृत तथा उन्नत खेती की, जिनके लिए यह प्रदेश अत्यंत संवेदनशील है । यहाँ लकड़ी की जगह टसर और लाख के लिए आवश्यकतानुसार बड़े-बड़े बागान लगाए जा सकते हैं; बाक़ी जंगल को भी साफ़ किया जा सकता है, और जो भाग इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त न हो वहाँ पनई ताड़ और महुआ के पेड़ लगाए जा सकते हैं ।

33.1 खेती के संबंध में परिदृश्य का वर्णन किस प्रकार किया गया है ? 1

33.2 खेती के विस्तार के लिए किन फसलों को सुझाया गया ? 1

33.3 आर्थिक विकास के लिए भूमि के उपयोग हेतु बुकानन द्वारा दिए गए प्रस्ताव की व्याख्या कीजिए । 2

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** **3 + 2 = 5**

34. 34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त चिह्नों अथवा प्रतीकों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) बनावली – विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) कन्नौज – प्रारंभिक राज्यों का एक महत्त्वपूर्ण शहर

33. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**On clearance and settled cultivation**

Passing through one village in the lower Rajmahal hills, Buchanan wrote :

The view of the country is exceedingly fine, the cultivation, especially the narrow valleys of rice winding in all directions, the cleared lands with scattered trees, and the rocky hills are in perfection; all that is wanted is some appearance of progress in the area and a vastly extended and improved cultivation, of which the country is highly susceptible. Plantations of Asan and Palas, for Tessar (Tassar silk worms) and Lac, should occupy the place of woods to as great an extent as the demand will admit; the remainder might be all cleared, and the greater part cultivated, while what is not fit for the purpose, might rear Plamira (palmyra) and Mowa (mahua).

33.1 How was the landscape described regarding cultivation ? 1

33.2 Which crops were recommended for expanding agriculture ? 1

33.3 Explain the proposal given by Buchanan for utilizing the land for economic development. 2

**SECTION – E**

**(Map Based Questions)** **3 + 2 = 5**

34. 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following places with appropriate signs or symbols : **3 × 1 = 3**

(i) Banawali – a mature Harappan site

(ii) Kannauj – An important town from early states

(iii) (a) अजमेर – मुगलों के अधीन शहर

अथवा

(b) बीदर – एक मध्यकालीन शहर

34.2 भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को A और B से अंकित किया गया है । इनको पहचानिए और इनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । $2 \times 1 = 2$

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं :**

34.1 वर्तमान हरियाणा राज्य से किसी एक हड़प्पा पुरास्थल का उल्लेख कीजिए । 1

34.2 बाबर के शासन के अधीन रहे किसी एक शहर का नाम लिखिए । 1

34.3 किसी एक मध्यकालीन शहर का उल्लेख कीजिए । 1

34.4 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । 2

(iii) (a) Ajmer – A city under Mughals

**OR**

(b) Bidar – A medieval town

34.2 On the same political map of India, two places have been marked as A and B as the centres of Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2 × 1 = 2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 34 :**

34.1 Mention any one Harappan site from the present state of Haryana. **1**

34.2 Name any one town which was under the rule of Babur. **1**

34.3 Mention any one medieval town. **1**

34.4 Name any two centres of Indian National Movement. **2**